कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड,
कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।
फोन नं0–0135–2608107, फैक्स नं0–0135–2608108

पत्रांक 555/अधिष्ठान/दो–21(3)/2013 दिनांक 03 अप्रैल, 2013

## कार्यालयादेश

लोक सेवा आयोग उत्तराखण्ड द्वारा सीधी भर्ती/पदोन्नति के पदों पर चयनित/प्रोन्नत कार्मिकों को सम्मिलित करते हुये परिवहन कर अधिकारी–2 की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची कार्यालयादेश संख्या–2254/अधिष्ठान/दो–21(3)/2010 दिनांक 31 जुलाई, 2010 द्वारा प्रकाशित करते हुये सभी सम्बन्धितों से उस पर अभ्यावेदन मांगे गये थे। प्राप्त सभी अभ्यावेदनों पर सम्यक् रूप से विचार करते हुये कार्यालयादेश संख्या–196/अधि0/दो–21(3)/2011 दिनांक 21–06–2011 के माध्यम से परिवहन कर अधिकारी–2 की ज्येष्ठता सूची अन्तिम रूप से प्रकाशित की गयी थी, जिसमें श्री पी0सी0 पाण्डे की नियमित नियुक्ति का दिनांक 30–01–2009 अंकित करते हुये उनका नाम क्रमांक 10 पर दर्शाया गया है।

2– उक्त के उपरान्त श्री पी0सी0 पाण्डे द्वारा परिवहन कर अधिकारी–2 के पद पर चयन वर्ष 2001–02 से प्रोन्नति प्रदान करने का अनुरोध किया गया। श्री पाण्डे को वर्ष 2001–02 से नोशनल पदोन्नति के बिन्दु पर कार्यालय के पत्र संख्या–307/अधि0/दो–51/2012 दिनांक 01–10–2012 के माध्यम से शासन से परामर्श प्राप्त किया गया। इस सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–889/ix/110/2012 दिनांक 28–01–2013 के द्वारा निम्नलिखित परामर्श प्राप्त हुआ–

> "सम्यक विचारोपरान्त श्री पाण्डे का विषय नोशनल पदोन्नति के सिद्धान्त से आच्छादित नहीं पाया है। यह भी अवगत कराना है कि पद रिक्त कभी भी हो पदोन्नति उसी दिनांक से होगी जब व्यक्ति वास्तविक रूप से पदोन्नति हुआ हो, जब तक नियमों में व्यवस्था न हो और आदेश में पूर्ववर्ती दिनांक से पदोन्नति प्रदान करने के आदेश न हो, इस सम्बन्ध में पूर्ववर्ती दिनांक से पदोन्नति देने का मामला नहीं बनता है।"

3– उत्तराखण्ड राज्य में सरकारी सेवकों की ज्येष्ठता निर्धारित करने हेतु उत्तरांचल सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 2002 के नियम–8 (1) में व्यवस्था है कि–

जहां सेवा नियमावली के अनुसार नियुक्तियां पदोन्नति और सीधी भर्ती दोनों प्रकार से की जानी हो वहां इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता उनकी मौलिक नियुक्ति के आदेश के दिनांक से निम्नलिखित उप नियमों के उपबन्धों के अधीन अवधारित की जायेगी और यदि दो या अधिक व्यक्ति एक साथ नियुक्त किये जाय तो उस कम में अवधारित की जायेगी जिसमें उनके नाम नियुक्ति के आदेश में रखे गये हैं:

प्रतिबन्ध यह है कि यदि नियुक्ति के आदेश में कोई ऐसा विशिष्ट पूर्ववर्ती दिनांक विनिर्दिष्ट हो जिससे कोई व्यक्ति मौलिक रूप से नियुक्त किया जाय, तो वह दिनांक मौलिक नियुक्ति के आदेश का दिनांक माना जाएगा और अन्य मामलों में इसका तात्पर्य आदेश जारी किये जाने के दिनांक से होगा:

अग्रतर प्रतिबन्ध यह है कि सीधे भर्ती किया गया कोई अभ्यर्थी अपनी ज्येष्ठता खो सकता है यदि किसी रिक्त पद का उसे प्रस्ताव किए जाने पर वह विधिमान्य कारणों के बिना कार्यभार ग्रहण करने में विफल रहता है, कारणों की विधिमान्यता के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चयं अन्तिम होगा।

4— उत्तरांचल सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली की उक्त व्यवस्था तथा शासन के परामर्श के अनुकम में दिनांक 21—06—2011 द्वारा प्रकाशित परिवहन कर अधिकारी—2 की ज्येष्ठता सूची में निम्नलिखित परिवर्तन / संशोधन अपरिहार्य है—

(1) श्री पी0सी0 पाण्डे की नियमित नियुक्ति की तिथि 30—01—2009 है। उनकी ज्येष्ठता उनकी नियमित (मौलिक) नियुक्ति के दिनांक से अवधारित होती है। अतः उनका नाम उनसे पूर्व वर्ष 2005 में नियमित रूप से नियुक्त सीधी भर्ती के कर्मियों के नीचे उनके पोषक संवर्ग की ज्येष्ठता के आधार पर पूर्व प्रकाशित ज्येष्ठता सूची के कमांक—10 से हटाकर कमांक—25 पर रखा गया है।

(2) श्री बृजलाल कन्नौजिया की नियमित नियुक्ति की तिथि 18—05—2010 है। उपरोक्तानुसार उनकी ज्येष्ठता उनकी नियमित (मौलिक) नियुक्ति के दिनांक से अवधारित होती है। अतः उनका नाम उनसे पूर्व वर्ष 2009 में नियमित रूप से पदोन्नति द्वारा नियुक्त श्री विमल कुमार उप्रेती एवं श्री प्रमोद चौधरी के नीचे पूर्व प्रकाशित ज्येष्ठता सूची के कमांक—26 से हटाकर कमांक—28 पर रखा गया है।

(3) श्री विमल कुमार उप्रेती एवं श्री प्रमोद चौधरी की नियमित नियुक्ति की तिथि 30—01—2009 है। पूर्व प्रकाशित ज्येष्ठता सूची में श्री विमल कुमार उप्रेती का नाम कमांक—27 एवं श्री प्रमोद चौधरी का नाम कमांक—28 पर है। पोषक संवर्ग में उनकी ज्येष्ठता एवं उनकी नियमित नियुक्ति के दिनांक के आधार पर उनका नाम पूर्व प्रकाशित सूची के कमांक—27 एवं कमांक—28 से हटाकर कमशः कमांक—26 एवं कमांक—27 पर रखा गया है।

उपरोक्तानुसार कार्यालयादेश संख्या–196/अधि0/दो–21(3)/2011 दिनांक 21–06–2011 के द्वारा जारी परिवहन कर अधिकारी–2 की ज्येष्ठता सूची एतदद्वारा संशोधित की जाती है।

(डॉ0 उमाकान्त पंवार)
परिवहन आयुक्त।

पत्रांक (1)/अधिष्ठान/दो–21(3)/2013 समदिनांकित।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित्–

1– समस्त सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
2– समस्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
3– सम्बन्धित परिवहन कर अधिकारी–2 द्वारा सम्बन्धित अधिकारी।
4– अधिष्ठान पत्रावली।
5– ज्येष्ठता पत्रावली।

(डॉ0 उमाकान्त पंवार)
परिवहन आयुक्त।

पत्रांक /अधिष्ठान/दो–21(3)/2013 दिनांक अप्रैल, 2013 के द्वारा संशोधित

## परिवहन कर अधिकारी–2 की अंतिम ज्येष्ठता सूची

| क्र0 सं0 | नाम | नियमित नियुक्ति की तिथि | श्रेणी | जन्मतिथि | गृह जनपद | चयन वर्ष | भर्ती का स्रोत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | श्री शंकर प्रसाद जौहरी | 19–03–1993 | सामान्य | 14–06–1945 | देहरादून | 1982–83 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 2 | श्री मनमोहन जायसवाल | 19–03–1993 | सामान्य | 22–04–1949 | देहरादून | 1982–83 | पदोन्नति | सेवानिवृत |
| 3 | श्री एम0एम0एस0 रावत | 19–03–1993 | सामान्य | 29–09–1949 | पौडी | 1982–83 | पदोन्नति | सेवानिवृत |
| 4 | श्री हरवंश लाल तलवार | 18–03–1994 | सामान्य | 17–07–1950 | देहरादून | 1990–91 | सीधी भर्ती | सेवानिवृत |
| 5 | श्री करम सिंह | 17–07–1995 | अनु0 जाति | 12–12–1951 | देहरादून | 1995–96 | पदोन्नति | परि0कर0अ0–1 के पद पर पदोन्नति |
| 6 | श्री गिरीश चन्द्र लोहनी | 17–07–1995 | सामान्य | 03–11–1954 | अल्मोडा | 1995–96 | पदोन्नति | मृत्यु |
| 7 | श्री दिनेश चन्द्र पान्डे | 18–03–1994 | सामान्य | 16–01–1956 | अल्मोडा | 1995–96 | पदोन्नति | परि0कर0अ0–1 के पद पर पदोन्नति |
| 8 | श्री रमेश चन्द कनौजिया | 17–07–1995 | अनु0 जाति | 03–01–1953 | देहरादून | 1995–96 | पदोन्नति | परि0कर0अ0–1 के पद पर पदोन्नति |
| 9 | श्री गोविन्द लाल आर्य | 17–07–1995 | अनु0 जाति | 01–01–1954 | नैनीताल | 1998–99 | पदोन्नति | परि0कर0अ0–1 के पद पर पदोन्नति |
| 10 | श्री ज्योति शंकर मिश्र | 16–07–2005 | सामान्य | 01–12–1973 | फिराजाबाद उ0प्र0 | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 11 | श्री विपिन कुमार सिंह | 16–07–2005 | सामान्य | 01–07–1977 | उधमसिंहनगर | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 12 | श्री नवीन कुमार सिंह I | 16–07–2005 | सामान्य | 01–05–1973 | इलाहाबाद | 2002–03 | सीधी भर्ती | विभाग से पदमुक्त |
| 13 | श्री नवीन कुमार सिंह II | 16–07–2005 | सामान्य | 13–06–1972 | लखनऊ | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 14 | श्री निखिलेश कुमार ओझा | 16–07–2005 | सामान्य | 10–05–1977 | बस्ती उ0प्र0 | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 15 | श्री अशीत कुमार झा | 08–08–2005 | सामान्य | 15–02–1976 | भागलपुर, बिहार | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 16 | श्री पंकज श्रीवास्तव | 16–07–2005 | सामान्य | 12–08–1976 | दिल्ली | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 17 | श्री रत्नाकर सिंह | 16–07–2005 | सामान्य | 05–01–1972 | बनारस | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 18 | डा0 संगीता भट्ट | 08–08–2005 | सामान्य | 26–07–1977 | टिहरी गढवाल | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 19 | श्री कुलवन्त सिंह | 16–07–2005 | अ0पि0जाति | 10–09–1976 | पौडी गढवाल | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 20 | श्री मुकेश कुमार सैनी | 16–07–2005 | अ0पि0जाति | 15–09–1972 | हरिद्वार | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 21 | श्री जितेन्द्र | 16–07–2005 | अनु0 जाति | 24–10–1972 | दिल्ली | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 22 | श्री सत्येन्द्र राज | 16–07–2005 | अनु0 जाति | 01–07–1981 | उत्तरकाशी | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 23 | श्री शान्ति प्रसाद | 16–07–2005 | अनु0 जाति | 29–05–1970 | पिथोरागढ | 2002–03 | सीधी भर्ती | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | कु0 निर्मला आर्य | 16–07–2005 | अनु0 जाति | 04–04–1980 | पिथौरागढ | 2002–03 | सीधी भर्ती | |
| 25 | श्री पी0सी0 पाण्डे | 30–01–2009 | सामान्य | 21–12–1961 | बागेश्वर | 2001–02 | पदोन्नति | |
| 26 | श्री विमल कुमार उप्रेती | 30–01–2009 | सामान्य | 21–05–1966 | नैनीताल | 2003–04 | पदोन्नति | |
| 27 | श्री प्रमोद चौधरी | 30–01–2009 | सामान्य | 16–10–1971 | नैनीताल | 2004–05 | पदोन्नति | |
| 28 | श्री बृजलाल कन्नौजिया | 18–05–2010 | अनु0 जाति | 03–08–1952 | देहरादून | 2003–04 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 29 | कु0 विष्णुमाया | 18–05–2010 | अनु0 जाति | 26–05–1962 | देहरादून | 2005–06 | पदोन्नति | |
| 30 | श्री जय लाल नेगी | 18–05–2010 | सामान्य | 15–01–1951 | पौडी | 2009–10 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 31 | श्री प्रेम कुमार बहुगुणा | 18–05–2010 | सामान्य | 05–07–1950 | पौडी | 2009–10 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 32 | श्री सुरेन्द्र चौधरी | 18–05–2010 | सामान्य | 03–05–1953 | नैनीताल | 2009–10 | पदोन्नति | |
| 33 | श्री भूपेन्द्र सिंह रावत | 18–05–2010 | अनु0ज0जाति | 06–06–1953 | पिथौरागढ | 2009–10 | पदोन्नति | |
| 34 | श्री कुलवन्त सिंह | 18–05–2010 | सामान्य | 06–01–1951 | देहरादून | 2009–10 | पदोन्नति | सेवानिवृत्त |
| 35 | श्री गोबिन्द सिंह नेगी | 18–05–2010 | सामान्य | 07–02–1956 | रूद्रप्रयाग | 2009–10 | पदोन्नति | |
| 36 | श्री राज विलोचन बहुगुणा | 18–05–2010 | सामान्य | 14–02–1959 | पौडी | 2009–10 | पदोन्नति | |
| 37 | श्री दान सिंह नेगी | 18–05–2010 | सामान्य | 15–06–1953 | पौडी | 2009–10 | पदोन्नति | |
| 38 | श्री विरेन्द्र कुमार | 18–05–2010 | अनु0जाति | 01–01–1958 | पौडी | 2009–10 | पदोन्नति | |
| 39 | श्री रामखिलाडी सूर्या | 18–05–2010 | अनु0जाति | 01–12–1955 | अलीगढ | 2009–10 | पदोन्नति | |

(डॉ0 उमाकान्त पंवार)
परिवहन आयुक्त।